


एनडीएमसी की सेवाओं में करेंगे सुधार : उपाध्याय V



सबरंग
जश्न-ए-पार्टी
हेलो…हेलो… हेलोवीन V






## दैनिक जागरण कार्यालय

**स्थानीय ब्यूरो**
प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। संपर्क करें: 9910731606 ईमेल: reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9560798023

# अवैध पार्किंग की समस्या बढ़ी, रोजाना काटे जा रहे एक हजार से अधिक चालान

**समस्या पार्किंग की**

धनंजय मिश्रा ● नई दिल्ली

राजधानी में पार्किंग की समस्या काफी विकराल होती जा रही है। यातायात पुलिस के आंकड़ों पर नजर डाले तो राजधानी में रोजाना औसतन एक हजार वाहनों के चालान अवैध पार्किंग को लेकर हो रहे हैं। इस वर्ष एक जनवरी से 15 अक्टूबर तक 996102 वाहनों के चालान और नोटिस की कार्रवाई की गई है। पर्याप्त पार्किंग नहीं होने के कारण लोग मजबूरन यहां-वहां वाहन खड़ा करते हैं। बाद में यातायात पुलिस द्वारा इन वाहनों का चालान कर दिया जाता है। कई बार पुलिस द्वारा वाहनों को उठा भी लिया जाता है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**गलत पार्किंग यातायात बाधित होने का सबसे प्रमुख कारण :** दिल्ली में अवैध पार्किंग यातायात बाधित होने का एक सबसे प्रमुख कारण है। ऐसे में दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न सिविक एजेंसियों से राजधानी में अलग-अलग जगहों पर पार्किंग बनाने को लेकर सिफारिश भी कर चुका है। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि कई बार ट्रैफिक इंस्पेक्टर और जोनल अफसर के साथ साप्ताहिक बैठकों में यह बात सामने आई कि सड़कों पर आड़े-तिरछे खड़े वाहन और अवैध पार्किंग यातायात जाम के बड़े कारण हैं।

**अवैध पार्किंग के खिलाफ यह नियम है :** दिल्ली में अवैध पार्किंग करने पर यातायात पुलिस 500 रुपये तक जुर्माना करने के साथ ही वाहन जब्त तक कर सकती है। वाहन जब्त करने की स्थिति में चालक से क्रेन का चार्ज भी लिया जाता है, जो वाहन के अनुसार तय होता है। इसके अलावा अवैध पार्किंग पर नगर निगम भी कार्रवाई करता है।



चेतावनी बोर्ड लगा होने के बावजूद कनाट प्लेस में अवैध रूप से पार्क वाहन ● ध्रुव कुमार

**यातायात पुलिस के कार्रवाई के आंकड़े**

| वर्ष | चालान | नोटिस | कुल |
|---|---|---|---|
| 2022 | 301280 | 694822 | 996102 |
| 2021 | 463732 | 857828 | 1321560 |
| 2020 | 279830 | 958873 | 1238703 |

नोट : वर्ष 2022 के आंकड़े एक जनवरी से 15 अक्टूबर तक के हैं

**गलत पार्किंग से समस्याएं**

- सड़कों होता है अतिक्रमण
- यातायात बाधित हो जाता है
- पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों को होती है दिक्कत
- गलत पार्किंग से झगड़े भी होते हैं

**सुझाव**

राजधानी में मौजूदा समय में 401 पार्किंग स्थल हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में पर्याप्त पार्किंग का निर्माण होना चाहिए, साथ में आम लोगों को गलत पार्किंग को लेकर जागरूक करना पड़ेगा। लोग सड़कों पर पहले से गलत तरीके से पार्क किए वाहनों को देखकर अपने वाहन भी पार्क कर देते हैं, ऐसे में गलत पार्किंग को बढ़ावा मिलता है।



पार्किंग समस्या के कारण आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दिल्ली में यदि पर्याप्त पार्किंग हो तो जाम की समस्या दूर होगी साथ में जो लोग अवैध रूप से पार्किंग चला कर वसूली कर रहे हैं उनपर भी लगाम लगाई जा सकती है।
**– राजेश गुप्ता**, चांदनी चौक



पर्याप्त पार्किंग नहीं होने से मजबूरन लोग सड़कों पर यहां-वहां वाहन खड़े करते हैं। यातायात पुलिस ऐसे में वाहनों पर कार्रवाई करती है। ऐसे में आम जनता को परेशानी का सामान करना पड़ता है। दिल्ली जैसे शहर में पर्याप्त पार्किंग होनी ही चाहिए।
**– दीनानाथ सोनकर**, नई दिल्ली



गलत पार्किंग को लेकर पुरानी दिल्ली के इलाकों की स्थिति काफी दयनीय है। सड़कों पर वाहनों के साथ ही रेहड़ी पटरी वालों का अतिक्रमण रहता है। अगर गलत तरीके से खड़े किए गए वाहनों को हटा दिया जाए, तो स्थिति बेहतर हो सकती है। इन वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग भी तो नही है।
**– दर्शन बवेजा**, सदर बाजार



लोग जानबूझकर वाहनों को यहां-वहां नहीं खड़ा करते, जब पार्किंग है नहीं तो लोग क्या करेंगे। एजेंसियों को पार्किंग की सुविधा बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। यातायात पुलिस की कार्रवाई से गलत पार्किंग का स्थाई समाधान नहीं होने वाला। पार्किंग न होने और कार्रवाई दोनों की तरफ से जनता की परेशान होती है। **– राजू सिंह चौधरी**, चांदनी चौक

गलत पार्किंग को लेकर यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि कहीं पर भी यातायात बाधित न हो।
**– सुरेंद्र सिंह यादव**, विशेष पुलिस आयुक्त यातायात, जोन दो

## एक नजर में

### एमसीडी के स्कूलों में मेगा पीटीएम आज

**नई दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में मध्यावधि परीक्षाओं के बाद परिणामों को लेकर शनिवार को मेगा पीटीएम आयोजित होगी। निगम के सभी विद्यालयों सुबह नौ बजे से लेकर 11 बजे तक यह पीटीएम होगी। एमसीडी के अधिकारी के अनुसार, इस पीटीएम में मध्यावधि परीक्षा में विद्यार्थियों के आए परिणाम को अभिभावकों से साझा किया जाएगा। साथ ही आगे की पढ़ाई के बारे में चर्चा की जाएगी। 12 जोन के कुछ प्रमुख विद्यालयों में एमसीडी के अधिकारी भी निरीक्षण करने जाएंगे और पीटीएम का जायजा लेंगे। (जासं)

### दिल्ली विश्वविद्यालय ने गठित की उच्चस्तरीय समिति

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा विधि संकाय के दोषपूर्ण सेमेस्टर परीक्षा परिणाम के विरोध के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति ने तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति के गठन का आदेश दिया है, जिसमें सभी दोषपूर्ण परिणामों को फिर से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। परिणाम में 400 से अधिक छात्रों को या तो शून्य अंक दिए गए थे या अनुपस्थित दिखाए गए थे। (जासं)

### पूर्व महापौर ने खत्म कराया सफाई कर्मियों का अनशन

**नई दिल्ली :** दिल्ली निगम मजदूर फेडरेशन के नेतृत्व में सदैव अटल पर सफाई कर्मचारियों के चल रहे अनशन को पूर्व महापौर जयप्रकाश ने खत्म करा दिया। फेडरेशन अध्यक्ष रणधीर गागट के नेतृत्व में सफाई कर्मी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठ गए थे। जयप्रकाश ने उनसे बात करके हड़ताल खत्म कराई। (जासं)

# यमुना में डुबकी लगाकर रखा छठ का व्रत

## नहाय खाय के साथ महापर्व की शुरुआत, खरना आज

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय खाय से शुरू हो गया। शनिवार को खरना, रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य व सोमवार को उगते सूरज को अर्घ्य के साथ यह पर्व संपन्न होगा। व्रतियों ने नहाने के बाद नए वस्त्र धारण कर चावल के साथ घी व चने की दाल बनाकर खाई। इसके बाद से व्रत अगले तीन दिनों के लिए शुरू हो गया। इसमें आज व्रती खरना की विधि करेंगी, जिसमें पूरा दिन निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को व्रती गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद के रूप में सेवन करेंगी। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार को पारण होगा।

पूजन को लेकर लोगों ने शुक्रवार को भी बाजारों में परिवार समेत पहुंच खरीदारी की। इसमें दउरा, सूप, डगरा समेत अन्य चीजों की खरीदारी की गई। नहाय खाय से ही व्रतियों को पूरी पवित्रता का पालन करना होता है। ऐसे में व्रती इस दिन आम की लकड़ियों की आंच पर नए चूल्हे पर खाना पकाती हैं। पूरे घर में पवित्रता का माहौल रहता है। नहाय खाय के बाद छठ घाटों पर भी तैयारी तेज हो गई हैं। आइटीओ घाट पर शुक्रवार को टेंट और लाइट की व्यवस्था की गई। छठ पूजा समिति के पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि छठ के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। कृत्रिम घाट बनाए गए हैं।

पहाड़गंज की रहने वाली पूजा कुमारी ने बताया कि शनिवार को व्रती लोग दिनभर व्रत रखकर शाम को सूर्य को जल चढ़ाकर खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे। खीर भी गुड़ व चावल से बनाई जाएगी। खीर को सगे संबंधियों में बांटा भी जाएगा। शाम को चंदा को जल अर्पित कर ठेकुआ बनाए जाएंगे। इसके लिए घर में ही गेहूं धोकर उसे पीस लिया गया है। पूजा का सारा सामान अलग चूल्हे पर बनेगा। रविवार को चावल से बनने वाले विशेष प्रसाद कचवनिया भी तैयार किया जाएगा।



यमुना के कालिंदी कुंज घाट पर झाग के बीच में डुबकी लगाती छठ व्रती ● विपिन शर्मा



हाथी घाट पर यमुना में स्नान के बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगातीं व्रती ● चंद्र प्रकाश मिश्र

## स्टेशनों पर अभी भी यात्रियों की भीड़

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली :** नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से छठ पर्व की शुरुआत हो गई है, लेकिन घर जाने वाले यात्रियों की संख्या कम नहीं हो रही है। शुक्रवार को भी राजधानी के अमूमन सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई।

पूर्व दिशा की ओर जाने वाली अधिकांश नियमित और विशेष ट्रेनें नई दिल्ली व आनंद विहार टर्मिनल से चलती हैं, इसलिए इन स्टेशनों पर यात्रियों की ज्यादा भीड़ है। कंफर्म टिकट न मिलने के बाद भी लोग किसी तरह स्वजन के पास पहुंचना चाहते हैं। ऐसे में जनरल कोच में खड़े होकर यात्रा करने में भी उन्हें परेशानी नहीं है। छठ पूजा में घर जाने वालों की भीड़ को संभालने के लिए नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर विशेष व्यवस्था भी की गई है। विशेष अधिकारी तैनात किए गए हैं। मिनी कंट्रोल रूम बनाया गया है। लोग इस महापर्व पर अपने घर पहुंच सकें, इसके लिए कई विशेष ट्रेनें भी चलाई गई हैं। नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच तक लगाए गए हैं। इसके बावजूद ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। लोगों को जनरल कोच तो दूर, आरक्षित कोच (स्लीपर) में भी चढ़ने में परेशानी हो रही है। कई लोग आपातकालीन खिड़की से ट्रेन में सवार हो रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों पर स्क्रीन के माध्यम से विशेष ट्रेनों में सीट की उपलब्धता की जानकारी दी जा रही है। उनका कहना है कि शनिवार से भीड़ घटने लगेगी।

### पटना के लिए चलेगी विशेष राजधानी एक्स.

**राब्यू, नई दिल्ली :** यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली से पटना के बीच विशेष राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन (02250/02249) चलाने की घोषणा की है। त्योहार में यात्रियों की भीड़ को देख 22, 25 और 27 अक्टूबर को भी नई दिल्ली से पटना के बीच विशेष राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन चलाई गई थी। अब दो नवंबर को एक बार फिर विशेष राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन पटना के लिए रवाना होगी।

अफसरों का कहना है कि छठ के बाद भी ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलने में दिक्कत हो रही है। नई दिल्ली से यह ट्रेन दो नवंबर की शाम 07.10 बजे प्रस्थान कर अगली सुबह 06.50 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में तीन नवंबर को पटना से रात 08.55 बजे रवाना होगी और अगली सुबह नौ बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

# नरेला में आठ वर्षीय दलित बच्ची की हत्या के विरोध में महापंचायत

**विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रांत अध्यक्ष कपिल खन्ना बोले- दूषित मानसिकता वाले लोग इस तरह की घटनाओं को दे रहें अंजाम**

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली :** नरेला में आठ वर्षीय दलित बच्ची की नृशंस हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद की ओर से हिंदू महापंचायत का आयोजन किया गया। बीते दिन सात अक्टूबर को हुई इस हत्या की घटना के विरोध में परिषद के तत्वावधान में हुए प्रदर्शन में स्थानीय लोगों ने अपना विरोध जताया। इसमें स्थानीय लोगों के अलावा विभिन्न हिंदू संगठनों की ओर से भी लोगों ने हिस्सा लिया।

विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रांत अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा कि जिहादियों द्वारा पूरे देश में कई प्रकार से आतंक फैलाया जा रहा है, कभी लव जिहाद में हिंदू युवतियों को फंसा कर उनकी हत्या करना, कभी जमीन जिहाद जैसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि दूषित मानसिकता वाले इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि नरेला में मानसिक रूप से बीमार जिहादी ने आठ वर्षीय अबोध बालिका की हत्या कर दी, जिसके विरोध में समाज को एकजुट होकर प्रतिकार करना होगा, जिससे भविष्य में कोई ऐसी घटना न होने पाए। प्रदर्शन में लोगों ने अपील की कि इस घटना पर अपराधी पर तुरंत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण रहते हुए सतर्क रहने का आह्वान किया। इस मौके पर बजरंग दल के प्रांत संयोजक भारत बत्रा, विहिप के विभाग अध्यक्ष नरसिंह, विभाग मंत्री तोताराम आदि मौजूद रहे।




# लान टेनिस में दिल्ली बनी ओवरआल चैंपियन

**नई दिल्ली, जेएनएन :** दिल्ली की लान टेनिस बालिका टीम ने कमाल करते हुए राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मीट में अंडर-17 और अंडर-14 वर्ग के सिंगल्स और डबल्स दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। 51वीं केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मीट 2022-23 में लान टेनिस बालिका वर्ग का आयोजन ग्वालियर के कैंट केंद्रीय विद्यालय में आयोजित किया गया था।

दिल्ली की ओर से इला पांडेय ने अंडर-17 वर्ग में चार बार की चैंपियन रही चेन्नई की टीम को सिंगल्स और डबल्स दोनो में मात देकर ट्राफी पर कब्जा किया। इला ने सिंगल्स फाइनल में धन्या को 5-2 से हराया, जबकि डबल्स में अपने साथी खिलाड़ी जीतेश कुमारी के साथ मिलकर डी दर्शनी और एके लक्ष्मी को 5-3 से हराया।

इसी क्रम में अंडर-14 वर्ग में दिल्ली टीम की खिलाड़ी वैष्णवी पांडेय ने जयपुर रीजन की रिद्धि को सिंगल्स फाइनल में 5-3 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया, जबकि अंडर-14 डबल्स में वैष्णवी पांडेय और स्वेता ने जयपुर की रिद्धि और अभिलाषा को 5-3 से हराकर डबल्स की ट्राफी भी अपने नाम कर ली।




# एनडीएमसी में एलजी ने की ओएसडी की नियुक्ति, अब तेजी से होंगे विकास कार्य

निहाल सिंह ● नई दिल्ली

दिल्ली सरकार से लेकर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सुधारों की कोशिश में जुटे एलजी वीके सक्सेना अब नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) पर भी नजर रखेंगे। इसके लिए उनके सचिव सुरेंद्र सिंह को एनडीएमसी में आफिसर आन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। एलजी अब सुरेंद्र सिंह के जरिये ही एनडीएमसी की परियोजनाओं पर नजर रखेंगे। अगर, कुछ त्वरित सुधार करने होंगे तो इस पर निर्णय भी ले सकेंगे।

उत्तर प्रदेश कैडर में 2005 के आइएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह को सितंबर में ही एलजी का सचिव नियुक्त किया गया था। इससे पूर्व वह मेरठ मंडल के कमिश्नर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ का पद संभाल रहे थे। दिल्ली के सेवा विभाग ने बृहस्पतिवार को ही सुरेंद्र सिंह को एनडीएमसी में ओएसडी नियुक्त करने का आदेश जारी किया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में एनडीएमसी की रैंकिंग में आई गिरावट की चहुंओर आलोचना हो रही है, क्योंकि कभी श्रेष्ठ प्रदर्शनों के लिए पहला स्थान हासिल करने वाली एनडीएमसी आज तीसरे स्थान पर आ गई। विभिन्न सर्वेक्षण में भी एनडीएमसी की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठते रहे हैं।

उपराज्यपाल की शपथ लेने के बाद वीके सक्सेना ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद इलाके में पौधारोपण और मार्गों की सुंदरता को लेकर निरीक्षण किया था। इतना ही नहीं, इसी वर्ष 30 मई को आई आंधी में गिरे पेड़ों के कारण पैदा हुई विकट स्थिति पर एलजी ने स्वयं निगरानी करते हुए पेड़ों की छंटाई करवाई थी।

### स्मार्ट सिटी की कई योजनाएं लंबित

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की लगभग तीन वर्ष में स्मार्ट सिटी की कई परियोजनाएं सिरे नहीं चढ़ पाई हैं, जबकि एनडीएमसी राष्ट्रीय राजधानी में हैं। पैनिक बटन से लेकर ई-स्कूटर जैसी सुविधाएं दूसरे निकाय शुरू कर चुके हैं। इतना ही नहीं, कंट्रोल कमांड सेंटर शुरू करने में भी कई राज्य अव्वल रहे थे। उसके बाद एनडीएमसी इलाके में यह सुविधा शुरू हो पाई। विकास कार्यों के लंबित होने से एनडीएमसी की छवि भी धूमिल हो रही है। माना जा रहा है ओएसडी की नियुक्ति के जरिये राजनिवास से सभी योजनाओं की निगरानी होगी और विकास कार्यों को गति दी जा सकेगी। राजनिवास की कोशिश लंबित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराना है।




*********